## भारत - डोमिनिका राष्ट्रमंडल संबंध

**ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य :**

डोमिनिका राष्ट्रमंडल को इसके हरे-भरे पहाड़ों एवं मंत्रमुग्ध कर देने वाली सुंदरता के लिए "कैरेबियन का प्रकृति का द्वीप" के रूप में जाना जाता है। इसका रकबा 750 वर्ग किमी है तथा इसकी आबादी 72,340 के आसपास है। अभी हाल ही में, डोमिनिका में दो चक्रवात आए थे, अगस्त, 2007 में डीन और दिसंबर, 2011 में ओफेलिया और अगस्त 2015 में ट्रॉपिकल तूफान एरिका जिससे इसकी फसलों एवं अवसंरचना को भारी नुकसान पहुंचा था। डोमिनिका कैरिकॉम एवं ओ ई सी एस दोनों का सदस्य है तथा यहां पर स्थायी रूप से ओ ई सी एस का लघु व्यवसाय विकास कार्यालय है। तकरीबन 50 भारतीय मूल के व्यक्ति तथा कुछ भारतीय कारोबारी परिवार डोमिनिका में निवास करते हैं।

वर्ष 1981 में राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद से डोमिनिका राष्ट्रमंडल के साथ भारत के परंपरागत रूप से सौहार्दपूर्ण द्विपक्षीय संबंध हैं। वर्तमान समय में पोर्ट ऑफ स्पेन स्थित हमारे मिशन को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है तथा भारत में इसका कोई राजनयिक मिशन नहीं है। अगस्त 2015 में, भारत सरकार ने ट्रॉपिकल तूफान एरिका से हुई क्षति के आलोक में डोमिनिका सरकार को 200,000 अमरीकी डॉलर की मानवीय राहत / सहायता प्रदान की। भारत ने चक्रवात से उत्पन्न समस्याओं को दूर करने में मदद करने के लिए दिसंबर 2011 में 100,000 अमरीकी डॉलर और भीषण बाढ़ से हुई क्षति के आलोक में दिसंबर 2013 में 300,000 अमरीकी डॉलर की राशि दान में दी।

**यात्राएं :**

अभी तक उच्च स्तर पर कोई द्विपक्षीय यात्रा नहीं हुई है।

**भारत तथा डोमिनिका राष्ट्रमंडल के बीच करार / एम ओ यू :**

- अक्टूबर, 2011 में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग के लिए कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डी ए आर ई) तथा कृषि प्रभाग (डी ओ ए), कृषि एवं वानिकी मंत्रालय, डोमिनिका राष्ट्रमंडल के बीच एक एम ओ यू पर हस्ताक्षर किया गया।
- अक्टूबर, 2011 में डोमिनिका में एक आईटी उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए भारत सरकार तथा डोमिनिका राष्ट्रमंडल की सरकार के बीच एक एम ओ यू पर हस्ताक्षर किया गया।

**द्विपक्षीय सहयोग :**

**क्षमता निर्माण :** भारत के विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में आई टी ई सी कार्यक्रम के तहत डोमिनिका राष्ट्रमंडल के कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान करके भारत डोमिनिका राष्ट्रमंडल (सी डी) की क्षमता निर्माण में योगदान कर रहा है। हाल ही में भारत सरकार ने डोमिनिका के नागरिकों के लिए वार्षिक प्रशिक्षण के स्लॉटों की संख्या 5 से बढ़ाकर 12 कर दी है। डोमिनिका द्वारा जिन पाठ्यक्रमों की मांग की जाती है उनमें अधिकतर आईटी, लेखा एवं वित्त प्रबंधन, मानव संसाधन विकास, एस एम ई आदि से संबंधित हैं। डोमिनिका ने कृषि एवं बागवानी के क्षेत्रों में आई टी ई सी विशेषज्ञों की मांग की है। राष्ट्रीय केला अनुसंधान केंद्र, त्रिचिरापल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक (बागवानी) डा. वी कुमार ने बागवानी पर डोमिनिका सरकार को सलाह देने के लिए जनवरी, 2011 में एक माह के लिए डोमिनिका का दौरा किया था।

**आई टी में उत्कृष्टता केंद्र :** भारत और डोमिनिका के बीच द्विपक्षीय सहयोग कार्यक्रम के तहत अक्टूबर 2011 में डोमिनिका में आई टी उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए एम ओ यू पर हस्ताक्षर होने के बाद हाल ही में यह केंद्र स्थापित हो गया है। उम्मीद है कि ऐपटेक से प्रशिक्षकों की टीम शीघ्र पहुंच जाएगी। यह केंद्र शीघ्र ही चालू हो जाएगा।

**दवाएं दान में देना :** अपने सरकारी अस्पतालों के लिए दवाओं एवं चिकित्सा उपकरणों को दान में देने के लिए डोमिनिका सरकार के अनुरोध पर, भारत सरकार की सहायता अनुदान स्कीम के तहत भारत सरकार द्वारा अपने सैद्धांतिक अनुमोदन से अवगत कराया गया है। दवाओं की अंतिम सूची विचार के लिए मंत्रालय को भेजी गई है तथा दवाएं शीघ्र भेजने के प्रयास किए जा रहे हैं। मामले पर कार्रवाई की जा रही है।

**द्विपक्षीय व्यापार :**

डोमिनिका को भारत मुख्य रूप से भेषज उत्पादों, ज्वेलरी, रेडिमेड गारमेंट, कपड़ा एवं होम फर्नीशिंग आदि का निर्यात करता है, जबकि डोमिनिका मुख्य रूप से स्क्रैप मेटल एवं प्लास्टिक की वस्तुओं का निर्यात करता है। वर्ष 2014-15 के दौरान भारत और डोमिनिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2.63 मिलियन अमरीकी डालर के आसपास था। दूरी तथा डोमिनिका बाजार के छोटे आकार को देखते हुए हमारे द्विपक्षीय व्यापार की मात्रा तुलनात्मक दृष्टि से कम है। भारत की ओर से डोमिनिका को निर्यात 2.53 मिलियन अमरीकी डालर तथा डोमिनिका की ओर से भारत को निर्यात 0.10 मिलियन अमरीकी डालर था। संभावित सहयोग के अनेक क्षेत्र हैं जिसमें कृषि उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण एवं लघु पैमाने पर विनिर्माण,

नवीकरणीय ऊर्जा, भेषज पदार्थ, इको पर्यटन / समग्र स्वास्थ्य देखरेख की आयुर्वेदिक पद्धति, शिक्षा एवं खेल शामिल हैं।

गुजरात अपोलो इंडस्ट्रीज कंपनी लिमिटेड ने हाल ही में डोमिनिका में एक अस्फाल्ट सेपरेशन प्लांट लगाया है।

**संस्कृति :**
श्री जय भाष्कर पेरावली के नेतृत्व में "ड्रम्स ऑफ इंडिया" नामक एक 9 सदस्यीय पर्कशन ग्रुप, जिसे आई सी सी आर द्वारा प्रायोजित किया गया था, ने 18 से 20 मई, 2012 के दौरान डोमिनिका कला महोत्सव "डॉमफेस्टा" में भाग लेने के लिए डोमिनिका राष्ट्रमंडल का दौरा किया। इस ग्रुप ने पूरे देश में अपनी कला का प्रदर्शन किया तथा वे 18 मई, 2012 को "नाइट्स ऑफ दि क्लासिक" में मानद अतिथि थे। इस ग्रुप के परफार्मेंस का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

**भारतीय नागरिकों के लिए वीजा से छूट :**
डोमिनिका राष्ट्रमंडल की सरकार ने 6 माह की अवधि के लिए पर्यटन एवं व्यवसाय के प्रयोजनार्थ डोमिनिका का दौरा करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए वीजा की आवश्यकता से छूट प्रदान की है। भारत सरकार ने डोमिनिका के नागरिकों के लिए ई-टूरिस्ट वीजा को अनुमोदित किया है।

**भारतीय समुदाय :**

भारतीय समुदाय में बहुत थोड़ी मात्रा में कारोबारी परिवार, पेशेवर तथा रोस मेडिकल विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य शामिल हैं।

**उपयोगी संसाधन :**
भारतीय उच्चायोग, पोर्ट ऑफ स्पेन की वेबसाइट
http://www.hcipos.in/

***

**जनवरी, 2016**